न्यायालय लैण्ड रेकर्ड ओफिसर एस.डी.ओ. सिरोही राज.

क्रमांक/कोर्ट/रा.लो.अ./2018/1947 दिनांक 5–5–2018

आदेश

इस न्यायालय मे विचाराधीन रा.प्रा.पत्र संख्या 45/2018 अर्न्तगत धारा 126 128 एल.आर.एक्ट अनवान शीर्षक श्रीमती हंजादेवी बनाम सरकार जरिये तहसीलदार सिरोही वगैरहा का दिनांक 5–5–2018 को न्याय आपके द्वार अभियान 2018 के तहत राजस्व लोक अदालत /केम्प कोर्ट अटल सेवा केन्द्र पाडीव मे लोक अदालत की भावना से राज्य सरकार के आदेशानुसार राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने को दृष्टिगत रखते हुये प्रार्थीगण का उक्त प्रार्थननापत्र अर्न्तगत धारा 126 व 128 एल.आर. एक्ट को लोक अदालत की भावना से राज्य सरकार के आदेशानुसार शीघ्र निस्तारण करने की दृष्टि से स्वीकार किया गया है। अतः प्रार्थीगण के राजस्व ग्राम बलवंतगढ पटवार हल्का पाडीव तहसील सिरोही मे स्थित खातेदारी कृषि भूमि खाता नंबर नया 233 खसरा नंबर 302 रकबा 6.5400 हेक्टेयर किस्म बारानी I एवं खाता नंबर नया 103 खसरा नंबर 303 रकबा 6.2800 हेक्टेयर किस्म बारानी I व अप्रार्थीगण के खातेदारी कृषि भूमि खसरा नंबर 3775/277,82,83,284,285,295,296,297,298,301,304,307 308,309,के मध्य स्थित लोर का सीमाज्ञान पूर्व मे दिनांक 15–4–2013 एवं 21–7–2016 को मौके पर किया गया था । लेकिन उक्त सीमाज्ञान अनुसार मौके पर सही सीमा चिन्ह एवं पत्थर गढी नही होने से प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि पर मौके पर अतिक्रमण की संभावना को मध्यनजर रखते हुये प्रार्थीगण के खातेदारी कब्जे काश्त की उक्त खसरा नंबरान 302 व 303 की कृषि आराजी का मौके पर पक्षकारान की मौजूदगी में प्रार्थीगण से नियमानुसार शुल्क लेकर पुनः नयेसर सीमाज्ञान कर सही सीमा चिन्ह एवं बाद जांच पत्थरगढी व तारबंदी करवाने के लिये नायब तहसीलदार सिरोही की अध्यक्षता मे संबंधित पटवारी हल्का पाडीव व भू.अ.निरीक्षक सर्किल पाडीव की कमेटी का गठन किया जाता है। उक्त कमेटी को निर्देशित किया जाता है कि पक्षकारान को मौके पर उपस्थित रखते हुये सीमा चिन्ह पत्थरगढी करने संबंधी कार्यवाही शीघ्र कर पालना रिर्पोट एक माह मे आवश्यक रूप से इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे मौके पर पत्थरगढी कार्य के दौरान पक्षकारान के बीच झगडा टंटा,अशान्ति भंग होने पर संबंधित थानाधिकारी पुलिस थाना सिरोही से सुरक्षा बंदोवस्त हेतु पुलिस ईमदाद लेने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है।

1947
5/5/18

5/5/18
लैण्ड रेकर्ड ओफिसर एस.डी.ओ.
सिरोही

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पालनार्थ प्रेषित है।

1– तहसीलदार,सिरोही
2– थानाधिकारी पुलिस थाना,सिरोही
2– नायब तहसीलदार,सिरोही
3– भू.अ.नि. सर्किल पाडीव द्वारा तहसीलदार, सिरोही
4– पटवारी,पटवार हल्का पाडीव द्वारा तहसीलदार, सिरोही
5– प्रार्थीगण की ओर से उनके वकील श्री प्रवीणकुमार छीपा

5/5/18
लैण्ड रेकर्ड ओफिसर एस.डी.ओ
सिरोही